>

Title: Need to introduce a new train service between Kachchh in Gujarat and Delhi-laid.

श्री विनोद लखमशी चवाड़ा (कच्छ): मेरे लोक सभा क्षेत्र कच्छ-गुजरात के लिए अभी सिर्फ एक ही ट्रेन दिल्ली से भुज के लिए चलती है, जो वाया उत्तर प्रदेश बरेली तक जाती है और दिल्ली आती है । आला हजरत ट्रेन भुज-बरेली एक्सप्रेस नं0 14312 वाया अहमदाबाद सोमवार, मंगलवार, गुरूवार और ट्रेन नं0 14321/22 वाया पालनपुर बुध, शुक, शनि, रविवार को चलती है । लेकिन एक ही ट्रेन चालू होने से और निरन्तर अनियमित चलती रहने की वजह से यात्री परेशान हो जाते हैं । कच्छ-गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश को जोड़ती भुज-बरेली ट्रेन में हर दिन वेटिंग लिस्ट ही आता है ।

मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि कच्छ से दिल्ली के लिए कोई एक सुपरफास्ट रेल सेवा या दुरन्तो एक्सप्रेस ट्रेन सेवा शुरू की जाये जिससे लोगों की डायरेक्ट दिल्ली से कच्छ के लिए आने-जाने में असुविधा न हो ।